# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, बुधवार 09 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143





## भोपाल के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर रविंद्र सिंह विक्की चाचा अब हमारे बीच नहीं रहे

### हमेशा हमें अपने बच्चों की तरह स्नेह और प्यास से रखने वाले हमारे चाचा हमारे बीच नहीं रहे उनकी कमी हमेशा हमें खलती रहेगी- संतोष योगी

**भोपाल हेडलाइन**

राजधानी के वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर रविंद्र सिंह ÷विक्की÷ आज तड़के 6÷30 बजे हम लोगों के बीच नहीं रहे .आज सुबह की बड़ी दुखद खबर से राजधानी का मीडियाकर्मी के साथ शहर स्तब्ध है. अभी कुछ दिन पहले प्रेस फोटोग्राफर श्री देवेन्द्र दुबे की दुखद निधन की खबर से मीडियाकर्मी उभर ही नही पाया था कि सुबह पता चला कि रविन्दर जी हमीदिया अस्पताल में हार्ट अटेक के बाद आपरेशन के लिए भर्ती थे जहां उनका इलाज चल रहा था और वह 58 वर्ष की उम्र मे इस दुनिया से विदा हो गये है . वर्ष 1984 में ट्रेन से दुर्घटना में एक पैर गंवाने के बाद कुछ करने और जुनून के रहते प्रेस फोटोग्राफी के कार्य से समाज में अपनी एक अलग पहचान



बनाने वाले रविन्दर जी पिछ्ले 25 वर्ष से दैनिक प्रदेश टाइम्स तथा 10 वर्ष से दैनिक हरिभूमि अखबार में कार्य कर रहे थे . उन्होंने इस कार्य को अपनाकर उनके छोटे भाई दैनिक प्रदेश टुडे में वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर प्रथ्वीराज सिंह तथा द हितवाद अखबार में पुत्र भूपेन्द्र सिंह गोल्डी कार्य कर रहे हैं. ज्ञातव्य रहे कि रवीन्दर जी के पिता शहीद स्वर्गीय श्री रघुवीर सिंह वर्ष 1977 में मिलेट्री मे आन डयूटी सेवा करते हुए देश को कुर्बान हो गये थे. ऐसे वीर पिता के सुपुत्र वरिष्ठ प्रेस फोटोग्राफर रविन्दर सिंह विक्की जी को कल 9 अप्रेल को प्रातः 10.30 बजे छोला विश्राम घाट पर अंतिम विदाई दी जायेगी । इस दुख के समय राजधानी के सभी प्रेस जगत तथा मीडियाकर्मियों तथा समाज की और से भावभीनी श्रद्धांजलि . हैडलाइंस 24 चैनल एवं भोपाल हेडलाइंस समाचार पेपर परिवार उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके चरणों में शत-शत नमन करता है

## केंद्रीय मंत्री उइके ने 12 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता संजय योगी**

भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गा दास उइके ने सोमवार को टिमरनी विकासखंड के ग्राम धौलपुर खुर्द में 12.07 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले पुल निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर नर्मदापुरम के सांसद दर्शन सिंह चौधरी,जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह,पूर्व मंत्री कमल पटेल,पूर्व विधायकगड़ संजय शाह एवं मनोहर लाल राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री डीडी उइके ने कहा कि केंद्र सरकार



किसानों, मजदूरों, महिलाओं और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार आया है। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम धौलपुर खुर्द में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु अपनी सांसद निधि से 5 लाख रुपये की स्वीकृति की घोषणा भी की। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि गंजाल नदी पर बनने वाला यह पुल नर्मदापुरम एवं हरदा जिलों के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवागमन को सुगम बनाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर प्रदेश में तीव्र गति से विकास कार्यों को अंजाम दे रही हैं। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने कहा कि हरदा जिले को शत-प्रतिशत सिंचित जिला बनाने की दिशा में कार्य प्रारंभ हो चुका है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की भी सराहना की।

### आनंद सोनी तीसरी बार बने निर्विरोध अध्यक्ष

## मनोज जैन को उनकी बहादुरी के लिए न्यू सराफा एसोसिएशन ने साल श्रीफल से सम्मानित किया

### समस्त सर्राफा व्यापारी एवं व्यापारियों की समस्याओं को खत्म करने के लिए प्रयासरत रहूंगाः आनंद सोनी

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल न्यू भोपाल सराफा एसोसिएशन भोपाल के चुनाव एक निजी होटल में संपन्न हुए जहां पर सर्वसम्मति से तीसरी बार दस नंबर मार्केट के सोनी ज्वेलर्स के संचालक आनंद सोनी पूर्व सरपंच को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया उनके अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात उन्होंने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की जो निम्न अनुसार है

संरक्षक बृजभूषण जौहरी, राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमित अग्रवाल, राम पजवानी, मनोज जैन ,अशोक अग्रवाल, उपाध्यक्ष रविंद्र साहू ,सुमित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, शशांक बजाज ,सचिव प्रसेनजीत सोनी , कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ,महामंत्री नितेश अग्रवाल ,प्रवक्ता सुमंत सोनी, कार्यकारिणी सदस्य अंशुल अग्रवाल, सतीश सोनी ,सुबोध साहू ,अनूप राजपूत ,शाह जी घोषणा हुई उसके बाद सर्राफा व्यापारी मनोज जैन की दुकान पर जो लूट हुई थी जिसमें उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर चोर को पकड़ा था उसके लिए उन्हें न्यू भोपाल सराफा एसोसिएशन के द्वारा उनकी बहादुरी





के लिए उनका साल श्रीफल से सम्मान किया गया

## केंद्रीय मंत्री डीडी उइके ने पुलिस लाइन में टीन शेड का लोकार्पण किया



**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**

हरदा । भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के राज्यमंत्री दुर्गादास उईके ने सोमवार शाम को पुलिस लाइन हरदा में आयोजित कार्यक्रम में शहीद स्मारक पर नवनिर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों से जुड़े विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। भविष्य में भी इस तरह के कार्यों के लिए हर संभव राशि स्वीकृत की जाएगी। उन्होंने इस नेक कार्य के प्रस्ताव के लिए कलेक्टर आदित्य सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव चौकसे को धन्यवाद दिया। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री पुष्पराज सिंगादिया ने इस अवसर पर बताया कि कुल 13.22 लाख रुपए लागत से लगभग 1950 वर्ग फीट क्षेत्र में यह टीन शेड तैयार कराया गया है। कलेक्टर सिंह ने अपने संबोधन में शहीद स्मारक पर टीन शेड स्वीकृत करने के लिए मंत्री उईके का आभार प्रकट किया। पुलिस अधीक्षक चौकसे ने इस अवसर पर कहा कि शहीद स्मारक पर टीन शेड निर्माण से विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा होगी।

## पोषण अभियान अंतर्गत दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित



**संवाददाता राहुल झांझा**

भोपाल हेडलाइंस टोंक खुर्द पोषण पखवाड़ा अभियान अंतर्गत खंड स्तरीय अभिसरण बैठक संपन्न। परियोजना अधिकारी जयदेश जोसेफ ने बताया कि पोषण अभियान अंतर्गत विशेष पोषण पखवाड़ा दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलाया जाएगा ।जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग नोडल विभाग है तथा स्वास्थ्य विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, कृषि विभाग, एवं नागरिक खाद्य आपूर्ति विभाग, सहयोगी विभाग के रूप में कार्य करेंगे इस अभियान सुचारू एवं सफलतापूर्वक संचालन के लिए टोंक खुर्द में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्रीमान के एल तिलवारी की अध्यक्षता में खंड स्तरीय बैठक की गई। जिसमें एस डी एम सर द्वारा सभी सहयोगी विभाग के खंड स्तरीय प्रमुखों को निर्देश दिए कि सभी अपने ग्राम स्तरीय अमलें को इस अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग करने हेतु पाबंद करें एवं विभाग प्रमुख भी लगातार दौरे करते रहे। आयोजित गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक में ब्लॉक समन्वयक सुश्री निकिता तिवारी ने पोषण पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया एवं बताया गया कि आयोजित की गई गतिविधियों की पोषण अभियान पोर्टल के डैशबोर्ड पर प्रतिदिन एंट्री भी संबंधित विभाग द्वारा की जाए।

## दिव्यांगजनों की राज्यस्तरीय सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एव सम्मान समारोह

### दूर हो मंजिल रास्ता मुश्किल चलते जाना रे चलते जाना रे राही रे राही रे

भोपाल हेडलाइन जब व्यक्ति का संघर्ष अन्य व्यक्तियों से होता है तो वह बाहर का संघर्ष होता है, लेकिन अगर व्यक्ति शारीरिक या मानसिक विकलांगता से संघर्ष कर रहा है तो वह आंतरिक संघर्ष बन जाता है ऐसा संघर्ष जो पूर्ण जीवन का नाम है जिसमें खुद की साहसिक प्रेरणा हो जो जीवन को सहज बना सकती है । कुछ ऐसा ही देखने को मिला उमंग उत्सव के अंतर्गत 8 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार को उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी द्वारा राज्य स्तरीय दिव्यांगजनो की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन मे प्रदेश के 20 जिलों (भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, दतिया, टीकमगढ़, छतरपुर, इटारसी, होशंगाबाद ,खंडवा, विदिशा ,राजगढ़,मुरैना बैतूल,सारणी के दिव्यांगजनो ने अपनी कला, हुनर,जोश-जज्बे के माध्यम से (नृत्य,संगीत,ड्रामा फैशनशो) से अपनी प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया मेंटली डिसऑर्डर (मानसिक दिव्यांग) बच्चों द्वारा सुर और ताल में जब गायन किया तो सबसे ज्यादा उनके अभिभावको को अचंभा हुआ,सभी की आंखें भर आई यह निश्चित ही उनकी खुशी की धारा थी जो अपने बच्चों के साथ उनके शिक्षकों के लिए सामूहिक




रुप से सबके सामने बह गई, मूकबधिर बच्चों द्वारा भारतीय नृत्य की मनमोहन नृत्य की प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया ! दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा सूर- ताल पड़कर माहौल को गर्म कर दिया बहु विकलांगता से ग्रसित छात्र-छात्राओं ने जब रामायण मैं राम बनवास का रगमंच पर मंचन किया तो राम-सीता, लक्ष्मण, कैकई, भरत, हनुमान सूर्पनखा को देखकर आम जनमानस भाव विभोर हो गई दीपप्रज्वलन श्रीमती दीप्ति पटवा संस्थापक उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी, सुश्री अंकिता धाकरे डिप्टी सेक्रेटरी, श्री आरके सिंह जॉइंट डायरेक्टर,श्री विश्वजीत झारिया कार्यालय प्रमुख, सामाजिक न्याय व दिव्यांगजन सशक्तिकरण कल्याण विभाग, श्री हेमंत साधना तिवारी,श्रीमती निर्मला उपाध्याय,श्रीमती राजश्री केजी त्रिवेदी की गरिमामय उपस्थिति में हुआ सरस्वती वंदना के पश्चात उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी के सातवे उमंग उत्सव का शुभारंभ हुआ, कार्यक्रम में डेढ़सो से ज्यादा दिव्यांगजनों ने गायन, नृत्य, ड्रामा,फैशन शो पर अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी भगवान कुछ कमी देता है तो कुछ विशेष भी देता है बस जोश, जज्बा और हुनर को तराशने की जरूरत है ! उमंग गौरवदीप वेलफेयर सोसाइटी की संस्थापक श्री दीप्ति पटवा ने सभी का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त दिव्यांगजनो जिनका सम्मान हुआ उनमें सुश्री प्रज्ञा सोनी इंदौर, राधा बड़गुर्जर सीहोर,दीप्ति रत्नाकर ग्वालियर, फाल्गुनी पुरोहित भोपाल, कनिष्का शर्मा भोपाल, राजेंद्र राठौड़ भोपाल,संजीव कोटिया ग्वालियर,अमित शर्मा भोपाल कार्यक्रम मे श्रीमती मधु चौधरी, मधुलिका चंद्रा, श्री अंकुर भार्गव, की गरिमामय उपस्थिति रही यह भव्य राज्यस्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिनके सहयोग से हुआ उनमें प्रमुख है श्रीमती कल्पना परिहार,श्रीमती वंशिका मुरजानी, श्रीमती कविता जैन,श्रीमती अलका श्रीवास्तव,श्रीमती खुशबू गुप्ता, कुमारी सिमरन

## अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल के 7 डॉक्टरों को मेडिकल हेतु अधिकृत किए गए-रिंकू भटेजा

भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी जो 38 दिनों की होगी जो कि पिछ्ले 25 वर्षों में सबसे कम दिनों की यात्रा है । मंडल द्वारा श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड से मांग की गई थी कि भोपाल एवं मध्य प्रदेश में यात्रियों के मेडिकल प्रमाणपत्र जारी करने वाले डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाई जाए ,मंडल की इस मांग को श्राइन बोर्ड द्वारा संज्ञान में लेकर इस वर्ष भोपाल के लिए 7 एवं मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के लिए 164 डॉक्टर्स को मेडिकल हेतु अधिकृत किया जबकि पिछले वर्ष भोपाल के लिए सिर्फ 4 एवं मध्य प्रदेश के लिए 125 डॉक्टर्स ही अधिकृत किए गए थे । मंडल श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड का आभार व्यक्त करता है* भोपाल में यात्रियों को कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाने के लिए श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत डॉक्टर्स की जानकारी जानकारी निम्न लिखित है ÷- जे पी हॉस्पिटल पदस्थ श्री डॉ . अफरीन आलम , डॉ . शाहवर खान , डॉ. वीरेंद्र कुमार दुबे , सी डी राजभवन में पदस्थ डॉ संगीता



जैन , सी डी 1100 क्वार्टर में पदस्थ डॉ योगेंद्र श्रीवास्तव , सी एच बैरागढ़ में पदस्थ डॉ ब्रजेश कुमार ,डॉ प्रीति मोटीयानी शामिल हैं। ज्ञात हो कि अमरनाथ यात्रा पंजीयन हेतु कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट आवश्यक है ,जो कि 6 अप्रैल 2025 के बाद प्रदान किया हुआ स्वास्थ परीक्षण प्रमाणपत्र ही मान्य होगा । आभार व्यक्त करने वालों में मंडल सचिव रिंकू भटेजा, राजकुमार शर्मा, सचिन सेवारमांनी, प्रदीप सोनी, दिव्या बोहरा, मंजू गौतम, योगेश श्रीवास्तव ,मनोज पांडेय , गुड्डू अग्रवाल,अरुण तिवारी, कपिल ग्वाला ,मुकेश रैकवार, बृजेश पाठक, प्रकाश पाटिल, स्वदेश सोनी ,गजेंद्र ठाकुर, समाधान पाटील, अमरीश पटेल, शिव पाटिल, मनीष पवासे, राजेश साहू, दिनेश नीलखेड़े आदि मंडल सदस्य है ।

## ब्लैक एवं व्हाइट थीम पर हुई किटी पार्टी



**भोपाल हेडलाइन**

सुन्दरिमा ग्रुप द्वारा शहर में जनसेवा के कार्यों के साथ साथ शानदार किटी पार्टीज शहर के मिनाल के तब्बर हाउस भोपाल में राखी गई सभी महिलाएं प्रोफेशनल वर्किंग में हे सबका अलग अलग क्षेत्र में कार्य हे और प्रगति



कर रही हैं इस महीने की किटी पार्टी की होस्ट ज्योति साहू ने किया पार्टी की थीम Retro (रेट्रो) राखी उन्होंने बताया इस मॉर्डन जमाने में पुराने जमाने को भी अपनाना चाहिए पार्टी की ड्रेस यूनिक होती हे फैशन के दौर में ट्रेंडिंग फैशन लाना हमारा अंदाज हे कार्यक्रम होस्ट ज्योति साहू ने सभी सदस्य का स्वागत गिफ्ट देकर किया यहां शामिल महिलाएं प्रतिभा यादव,सोनम, वीना,अलीशा आदि